आनन्द इंजीनियरिंग कॉलेज टैक्नीकल कैम्पस,आगरा

प्रकाशनार्थ

समाज की प्रगति में महिलाओं का योगदान

आगराः शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के आनन्द इंजीनियरिंग कालेज टैक्नीकल कैम्पस आगरा में बायोटेक विभाग द्वारा *''अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस''* मनाया गया। इस अवसर पर विभाग के सभी छात्र–छात्राओं द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर **"नारी सशक्तिकरण"** विषय पर वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

वाद–विवाद प्रतियोगिता का शुभारंभ माँ सरस्वती की आराधना के साथ हुआ। वाद–विवाद प्रतियोगिता में शामिल हुये छात्र–छात्राओं के मतानुसार *"महिलाओं के साथ असमानता और भेदभाव का व्यवहार समाज में, घर में और घर के बाहर विभिन्न स्थलों पर किया जाता है उन्होने उदाहरण देते हुए कहा कि कुछ परिवारों में लड़की को शिक्षित करना बुरा निवेश माना जाता है, किसी भी राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए यह आवश्यक है की महिलायें शारीरिक, मानसिक, सामाजिक रूप से विकसित हों और यह तभी संभव है जब उन्हे शिक्षित किया जाए। छात्रों ने बताया कि संविधान में महिलाओं को शक्तियां एवं अधिकार तो हैं परन्तु हर प्रकार के भेदभाव शोषण एवं दमन का मुकाबला उन्हें स्वयं ही करना होगा तभी स्त्रियों की स्वतंत्र पहचान बन पाएगी और व्यापक रूप में उनका अस्तित्व कायम हो पाएगा''*।

डा0 ज्योति कुलश्रेष्ठ, असिस्टेंट प्रोफेसर एवं डा0 रूचि जैन, असिस्टेंट प्रोफेसर, एम.बी.ए.एवं डा0 आर0के0 जैन ने जजों की भूमिका अदा की।

छात्र भाग्यश्री श्रीवास्तव, दीपांशु गुलाटी, लक्की चौरसिया, रश्मि यादव, सौम्या शर्मा, निवेदिता मिश्रा, किशन कुमार, उत्कर्ष त्रिपाठी आदि छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अपने अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत किये।

संस्थान के निदेशक डा0 शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि आज की छात्राऐं/लड़कियां कल महिला हैं एसीलिए ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ'' की कल्पना को साकार करने के लिए संस्थान छात्राओं के लिए स्कोलरशिप प्रदान करने के साथ–साथ समाज में पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए शैक्षिक एवं समाजिक स्तर पर बेहतर बनाने के लिए कार्य करता है। उन्होने कालेज के सभी छात्राओं एवं महिला शिक्षकों एवं महिला कर्मचारियों को *''अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस''* शुभकामनाएं दी हैं।

इस अवसर पर श्री प्रामोद ग्वारे, डा0 विशाल सिंह रघुवंशी, श्री प्रकाश कुमार एवं सभी छात्र–छात्राऐं उपस्थित रहे।

शारदा ग्रुप के वाईस चैयरमेन श्री वाई0के0 गुप्ता जी एवं मुख्य कार्यकारी उपाध्यक्ष डा0 वी0के0 शर्मा ने *''अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस''* की बधाई दी।